


श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc(N)

M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 7869513804

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com


## खबर संक्षेप

### कांसाबेल में बिहान दीदियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जशपुरनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत विगत दिवस जनपद पंचायत कांसाबेल में तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया जिसमें बिहान के दीदियों द्वारा भाग लेकर लोगो को हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी आम नागरिकों से अपील किया गया कि वे अपने अपने घर में तिरंगा फहराकर तिरंगे के साथ फोटो अपलोड करके भारत सरकार की ओर से एक सर्टिफिकेट आनलाइन प्राप्त करने के लिए कहा है।

### बगीचा में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**महादेवडांड़।** बगीचा में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बगीचा जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, सरपंच लाकुराम, दीपक नागेश, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में स्थानीय हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। रैली हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ मुख्य मार्गो से गुजरी। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसाकर प्रतिभागियों का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना और स्वतंत्रता दिवस के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चे व नागरिक हुए शामिल



**कांसाबेल।** सामूहिक एकता और देशभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता उत्सव को विशेष रूप से स्वच्छता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है, ताकि राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ स्वच्छता के महत्व का संदेश भी घर-घर तक पहुंचे। स्वच्छता के संग अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बालक स्कूल कन्या शाला, स्वामी आत्मानंद स्कूल, संत जोसेफ स्कूल दिन पालिका स्कूल डीएबी स्कूल सभी स्कूली बच्चे एवं गणमान्य नागरिक गण तिरंगा यात्रा में शामिल थे। यह तिरंगा यात्रा पुरे कांसाबेल नगर में भ्रमण हुआ।

### जिले में अब तक 7641.8 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7641.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 13 अगस्त तक की स्थिति में 6519.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 71.7 मिमी वर्षा हुई है।

### कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वअभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का बुधवार को रणजीता स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का भूमिका निभाया और परेड की सलामी ली। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट तैयारियों का निरीक्षण किया।

मुख्य परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे, टू आईसी उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर की अगवाई में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, छत्तीसगढ पुलिस बल, छत्तीसगढ़ बल महिला, नगर सेना पुरुष, नगर सेना महिला, सेजेश हिन्दी माध्यम एनसीसी जूनियर, जवाहर नवोदय विद्यालय कुनकुरी एअर विंग एनसीसी, महारानी लक्ष्मी बाई उमावि जशपुरनगर एनएसएस बालिका, सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर, वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर, सेंट जेवियर शाति भवन जशपुर स्काउट गाईट बालिका, सेंट जेवियर शाति भवन जशपुर बालक, बैंड दल के 13 टुकड़ियां स्वतंत्रता दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल परेड किया। साथ ही स्कूली बच्चों ने आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासन के दिए गए निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, पुरस्कार ⏭ शेष पेज 4 पर



रणजीता स्टेडियम में किया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास।

### मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण



जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन रणजीता स्टेडियम में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त 2025 को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं सलामी, परेड का निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहीद परिवार का सम्मान तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान किया जाएगा।

## अब अंतिम संस्कार की लकड़ी के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

■ उपाध्यक्ष ने बढ़ाए मदद के हाथ कहा-जरूरतमंद परिवारों को मिलेगी नि:शुल्क लकड़ी



**कोतबा।** मानवता को शर्मसार करने वाली घटना से अब निजात मिलेगी.अब तक यहां के लोगों को वन विभाग की निष्क्रियता और गैर जिम्मेदाराना रवैया से लोगों को मरणोपरांत दाह संस्कार के लिये जलाऊ लकड़ी के लिये चंदा करना या भटकना पड़ता था.जिससे दाह संस्कार में कई कठिनाई के साथ ही उन्हें मानसिक रूप से विवश होना पड़ता था.अब इस जटिल समस्या के लिये पहली बार नगर की महिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन सुनील शर्मा ने मदद के हाथ बढ़ाये हैं.उन्होंने बाकयदा नगर पंचायत के गाड़ी में मुनादी कराकर यह कहा है कि अब नगर में किसी की भी मृत्यु होती है तो वे उसके सम्पूर्ण लकड़ी का व्यवस्था करेंगे.उन्होंने कहा है कि कोई भी अगर अंतिम संस्कार जैसे पवित्र कार्य के लिये लकड़ी जुटाने में असमर्थ होगा तो वे उन्हें निःशुल्क लकड़ी प्रदान करेंगें।

उनके इस फैसले से अंतिम संस्कार के लिए अब लकड़ी के लिए ज़रूरतमंद परिवारों को लकड़ी के लिए पैसे इकट्ठा करने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी. अक्सर देखा गया है कि अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था करने में लोगों को आर्थिक कठिनाई होती थी। इस समस्या को हल करने के लिए, उपाध्यक्ष ने पहल की है और अब अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था खुद करेंगे. यह फैसला उन परिवारों के लिए बहुत मददगार होगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिनके लिए अंतिम संस्कार का खर्च उठाना मुश्किल होता है. उपाध्यक्ष का यह कदम सराहनीय है और इससे समुदाय में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलेगा. उल्लेखनीय है कि 10 दिन पूर्व ही वन विभाग और नगर सरकार को आईना दिखाते हुये सभी प्रमुख अखबारों ⏭ शेष पेज 4 पर

## बगीचा में दिनदहाड़े चोरी,नकद 50 हजार व दस्तावेज गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महादेवडांड़

■ गांव में दहशत, पुलिस जांच शुरु

थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम बादुपारा में 8 अगस्त को दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। पुलिस जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय नीलम एक्का अपने ससुर के निधन पर परिवार सहित सुबह लगभग 8:30 बजे घर में ताला लगाकर अंतिम क्रिया-कर्म में शामिल होने गए थे। शाम करीब 5 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

घर के भीतर प्रवेश करते ही पाया कि दोनों अलमारियां खुली पड़ी थीं,कपड़े और दस्तावेज बिखरे पड़े थे। चोर न्यू पेंशन प्रान कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड सहित 15,000 रूपए स्कूल बस कलेक्शन, बच्चों की फीस जमा करने के लिए रखे 10,000 रूपए खेती के लिए रखे 20,000 रूपए और पर्स में रखे लगभग 5,000 रूपए नगद लेकर फरार हो गया। कुल मिलाकर लगभग 50,000 रूपए की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अज्ञात व्यक्तियों की आवाजाही देखी जा रही थी, लेकिन पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। इस चोरी से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और कई घरों ने रात में पहरा देने की तैयारी शुरू कर दी है।

पीड़ित अजय नीलम एक्का ने तत्काल थाना बगीचा में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया, आसपास के लोगों से पूछताछ की और सबूत जुटाए। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, साथ ही संदिग्धों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और रात्रि गश्ती दल सक्रिय किए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## स्वच्छता के संग अभियान का जिले में आयोजन

**जशपुरनगर।** सामूहिक एकता और देशभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता उत्सव को विशेष रूप से स्वच्छता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है, ताकि राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ स्वच्छता के महत्व का संदेश भी घर-घर तक पहुंचे।

इसी उद्देश्य के साथ हर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आयोजित रैली में लोग हाथों में तिरंगा थामे, जोशीले नारों के साथ देशप्रेम का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता का संदेश भी दे रहे हैं। इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव एवं नागरिक एकता की भावना पर आधारित है। इस उत्सव के दौरान ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।



तिरंगा रैली में शामिल हुईं छात्राएं।

## जिला चिकित्सालय में रेचाराम का सफल आपरेशन



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा, के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में जिला जनसामान्य को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। बगीचा विकासखण्ड के ग्राम टुटटोली निवासी 51 वर्षीय रेचा राम को 1 वर्ष से अधिक समय से सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द एवं खांसी की परेशानी थी। जिसके उपचार के लिए उनके परिजनों के द्वारा मरीज को जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में दिखाया गया।

जहां एक्स-रे उपरांत ज्ञात हुआ की मरीज के दाहिने फेफड़े में तरल का जमाव है एवं जिसके उपचार हेतु मरीज को भर्ती किये जाने की जरूरत थी। जिसके पश्चात मरीज अपने गृह ग्राम में आ गए एवं आगे के उपचार हेतु मरीज के परिजनों ने मरीज को 21 जुलाई 2025 को जिला चिकित्सालय जशपुर में चिकित्सा अधिकारी सह जिला नोडल अधिकारी, आईडीएसपी डॉ डीके अग्रवाल को दिखाया। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए डॉ. अग्रवाल द्वारा मरीज का आवश्यक लैब जॉच व एक्स-रे जॉच हेतु निर्देशित किया गया। मरीज के लैब जॉच व एक्स-रे के रिर्पाट का परीक्षण उपरांत मरीज के दाहिनें फेंफड़े में प्लूरल इंफयुजन फेफड़े मे पस के अत्याधिक जमाव की पुष्टि हुई उसके बिगड़ते स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये यथाशीघ्र मरीज के फेंफडे से पस को निकालने के आवश्यकता थी। जिसके लिए डॉ. डीके अग्रवाल ने स्वयं थोरैसेन्टेसिस कर पतली सुई के माध्यम से फेंफड़े व छाती की दीवार के बीच के स्थान से लगभग 1.5 लीटर तरल पदार्थ बाहर निकाल कर व आवश्यक औषधि देकर मरीज की जान बचाई। जिसके लिए मरीज व उसके परिजनों ने डॉ.अग्रवाल एवं अस्पताल प्रबंधन के प्रति अपना अभार व्यक्त किया है।

## संत जोसेफ स्कूल में वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

संत जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों में हस्त लेखन,कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों में राखी बनाना, कक्षा नवीं से दसवीं के विद्यार्थियों में राखी की प्लेट की सजावट एवं कक्षा 11वीं से 12वीं की विद्यार्थियों में वेस्ट से वेस्ट बनाने पर प्रतियोगिता रखा गया जिसमें ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी अपने-अपने ग्रुप में रहकर प्रतिभागी रहे।

विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया क्योंकि भाई बहन के बीच प्रेम का पवित्र बंधन मानवीय भावनाओं में सबसे गहरा और उत्कृष्ट है ₹रक्षाबंधन या राखी₹ कलाई पर एक पवित्र धागे के जरिए इस भावनात्मक बंधन का जश्न मनाने का एक विशेष अवसर है बहन के प्रेम और भाई के उदात्त भावनाओं से ओत प्रोत इस धागे को सही मायने में राखी कहा जाता है, बहन अपने भाई की लंबी आयु की कामना करती है और भाई उनकी आजीवन रक्षा करने का वचन देते हैं इस प्रकार प्राचार्य फादर एडमोन बढ़ा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए भाई-बहन के पवित्र रिश्ता रक्षाबंधन त्यौहार की शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को अपने सुंदर वाक्यों से प्रोत्साहित किए इस प्रकार आज के हस्त लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीला ग्रुप, द्वितीय स्थान नीला ग्रुप, तृतीय स्थान रेड ग्रुप रहे और राखी बनाने की प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय अनुष्का लकड़ा (8 ए) ग्रीन ग्रुप से, आशिका लकड़ा (7 ए), एलीनॉर टोप्पो (8ए) रेड ग्रुप से, रूनी सोनवानी (6thए) पीला ग्रुप से रहे, साथ ही राखी की थाली की सजावट प्रतियोगिता में प्रथम ग्रीन ग्रुप, द्वितीय रेड एवं नीला ग्रुप, तृतीय पीला ग्रुप रहे इसी प्रकार वेस्ट से बेस्ट की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेड ग्रुप, द्वितीय स्थान पीला ग्रुप, तृतीय स्थान नीला ग्रुप से रहे इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालन करने में सिस्टर सत्या, कुमारी रुपमा केरकेट्टा एवं अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कोतबा में निकाली गई तिरंगा यात्रा



आम नागरिकों के साथ रैली में शामिल हुई विधायक गोमती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी तारतम्यता में कोतबा नगर में कारगिल चौक से बस स्टैंड तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक पत्थलगाँव गोमती साय के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं नेताओ अधिकारी कर्मचारियों सहित स्कूली छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए सम्मिलित हुए तिरंगा यात्रा कार्यक्रम तेज धूप में दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया।

जिसमे कड़ी धूप के बावजूद नागरिकों का देशभक्ति का जज्बा देखते बन रहा था। कोतबा नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा में सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक पत्थलगाँव गोमती साय ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया और लोगों के साथ मिलकर इस यात्रा को सफल बनाया। गोमती साय ने नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जो कि नगर के कारगिल चौक से मुख्य मार्ग होते हुए परशुराम चौक से बस स्टैंड पहुँची जहाँ गोमती साय ने बीच सड़क पर तिरंगा यात्रा में शामिल सभी आम जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे भारत के जवान हमारे भारत देश की सुरक्षा के लिए हमेशा भारत माँ की रक्षा के लिए तत्पर तैयार रहते हैं।पूरे भारतवासी इस तिरंगे के नीचे एकजुट व अखण्ड होकर निर्भीक व सुरक्षित है। इस दौरान गोमती साय ने तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर कोतबा नगर की जनता को बधाई दी इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा के मण्डल अध्यक्ष जागेश्वर यादव,उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुमन सुनील शर्मा,आनंद शर्मा,सुदर्शन पटेल,धरमसेवक बंजारा,हुलासों पैकरा,परमानंद पैकरा,,साँवरिया अग्रवाल,अजय गुप्ता सहित भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने नगर में बाइक में तिरंगा यात्रा निकाल कर सम्मिलित हुए वही नगर पंचायत कोतबा के सीएमओ टीआर यादव सहित नगर पंचायत के समस्त विभागों के अधिकारि कर्मचारियों व स्वक्षता दीदियों सहित सकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिक आमजन सम्मिलित रहे।

### स्कूली छात्रों ने लिया हिस्सा

नगर के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों व बच्चों ने मिलकर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।इस दौरान तिरंगे को हाथ में लेकर निकले बच्चों व शिक्षकों ने अपने अपने स्कूलों से मुख्य कार्यक्रम कारगिल चौक से सम्मानित हो कर नगर भ्रमण कर पुनःविद्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली जिसमे स्कूली छात्र छात्राओं ने स्कूली पोशक में क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों से आजादी के महोत्सव में शामिल होने तथा अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने को आह्वान किया।यही नहीं इस दौरान बच्चों व शिक्षकों ने लोगों को तिरंगा लगाने के तरीकों सहित स्वतंत्र भारत के गौरवशाली इतिहास का भी जानकारी दी।

## मिलावट की आशंका पर पेट्रोल पंप को किया गया सील

**बलरामपुर/अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला मुख्यालय में खाद्य विभाग की टीम ने पेट्रोल पंप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पेट्रोल में मिलावट की शिकायत की जांच के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पेट्रोल पंप को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में पेट्रोल मानक के अनुरूप निर्धारित डेन्सिटी के अनुसार नहीं पाया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर मुख्यालय के चांदो रोड स्थित जोगी पेट्रोल पंप में मिलावटी पेट्रोल की शिकायत की गई थी। सोमवार की रात जोगी पेट्रोल में कुल लोग अपने वाहन में पेट्रोल भरवाने आए हुए थे। इस दौरान लोगों को पेट्रोल में मिलावट की आशंका हुई तो उन्होंने खाद्य अधिकारी को फोन किया। सूचना मिलने के बाद खाद्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान खाद्य अधिकारी विजय कुजूर सहित अन्य अधिकारियों ने पेट्रोल पंप में मौजूद पेट्रोल के गुणवत्ता की जांच की। जांच के दौरान मानक के अनुरूप पेट्रोल नहीं मिलने पर पेट्रोल पंप को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि पेट्रोल पंप में मिलावट की आशंकाएं हमेशा बनी रहती है लेकिन पहली बार अधिकारियों ने इस तरह की कार्रवाई की है।



### जब तिरंगा लहराता है, तो दिल में सिर्फ एक ही अहसास उठता है

## मैं भारत का नागरिक हूं यही मेरी सबसे बड़ी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ तिरंगा रैली में हर वर्ग के लोगों ने लिया भाग

सोमवार को पत्थलगांव में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से विधायक गोमती साय उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता द्वारा किया गया। हर घर तिरंगा - घर घर तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। आम जनता, व्यापारी वर्ग, युवा छात्रों व सभी समाज वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। तिरंगे की लहराती छटा, गूंजते देशभक्ति गीत और नारों ने पूरे शहर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया।

लोदाम में जशपुर मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण नेहरू सिंह की नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सभी युवाओं, बुजुर्गो, व्यापारियों, आम नागरिकों द्वारा बाइक रैली द्वारा तिरंगा यात्रा लोदाम से शुरू कर बड़ाबनई के शंखनाथेश्वर धाम में खत्म हुई। जहां सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया और स्वतंत्रता दिवस का जयघोष कर कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुरेश राम , पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, मनीष अग्रवाल, अंकित बंसल, सुदाम पांडा, केशव पांडा, अरविंद स्वर्णकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव ओझा, संजय गुप्ता, राजू सिंह , रागनी भगत, सावित्री निकुंज, मंडल उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, दर्शन सिंह, मंडल मंत्री मनीषा कुमारी, कोषाध्यक्ष मनोज सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता सहदेव सिंह, नंदकिशोर सिंह एवम् सभी जनप्रतिनिधियो, नगर वासियों की गरिमामयी उपस्थिती रही। यह जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने दी।

## खबर संक्षेप

### नई पुलिस चौकी खोलने व यातायात डीएसपी पदस्थ करने की मांग

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंप जिले में पुलिस निरीक्षक के रिक्त 9 पदों पर पदस्थापना करने, महामाया मंदिर के पास नई पुलिस चौकी खोलने एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उप पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति करने की मांग की। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि सरगुजा में पुलिस निरीक्षक के 16 पद स्वीकृत है जबकि 9 पद लंबे समय से रिक्त पड़े है जिसके कारण पुलिस ड्यूटी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि महामाया मंदिर से लगे 8-9 वार्ड अति संवेदनशील है। इन इलाकों वर्ग विशेष की घनी बसाहट होने तथा झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के संदिग्ध लोगों की संख्या अधिक होने के कारण आए दिन तनाव की स्थिति निर्मित होती है। इसी तरह शहर में यातायात के बढ़ते दबाव एवं वाहनों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए उन्होंने यातायात में उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी की पदस्थापना करने की मांग की है।

### वज्रपात से बचाव को लेकर स्कूली बच्चों को दी जानकारी



**शंकरगढ़।** वज्रपात से होने वाले नुकसान और उसके बचाव और सुरक्षित रहने के लिए जानकारी देने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के तहत टीम पहुंची। टीम ने क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शंकरगढ़ एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ के छात्र-छात्राओं को नुक्कड़ नाटक एवं वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से जागरूक किया गया और जानकारी दी गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता कर कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में टीम के सदस्यों के साथ प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बाजार से लौट रही महिला का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** दो साल के बच्चे के साथ बाजार आई महिला का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने 2 वर्ष एक बच्चे के साथ 6 अगस्त को कोरंधा बाजार आ हुई थी। खरीददारी करने के बाद शाम 7 बजे महिला वापस घर लौट रही थी। इस दौरान महुआ टोली निवासी अनुज तिग्गा ने महिला को पदक लिया और जान से मारने की धमकी देकर अपने साथ बाइक पर बैठाकर सुनसान मकान में ले गया जहां उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी महिला को रात भर अपने साथ रखा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। अगली सुबह आरोपी महिला को छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने कोरंधा पुलिस से घटना की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने कोरंधा महुआ टोली निवासी अनुज तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 127(2), 351(2), 64(2)(एम) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दुकान से सेकेंड हेंड मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** मोबाइल दुकान में सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदने के बहाने मोबाइल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई मोबाइल सहित बाइक को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय राम मंदिर रोड़ निवासी शिवम गुप्ता ने 7 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि केतका रोड़ मोबाईल दुकान है जिसका यह संचालन करता है। दुकान में नया एवं सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल का स्पेयर पार्टस खरीदी-बिक्री का काम करता है। 6 अगस्त को दुकान में राजू नामक युवक आया और सेकेण्ड हेण्ड मोबाईल खरीदने की बात कहकर मोबाईल देखने लगा। इसी बीच दुकान में अन्य ग्राहकों के आने से भीड़ हो गया तभी राजू 2 मोबाईल चोरी कर ले गया। इसके बाद पुनः दूसरे दिन 7 अगस्त को राजू फिर आया और पुराना मोबाईल दिखाने को बोला और मौके का फायदा उठाकर 1 मोबाईल चोरी कर भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 331(3), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने विवेचना के दौरान दबिश देकर आरोपी उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी राजू आ. बीरलाल गढ़ेवाल (22 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने मोबाईल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी की गई 45 हजार कीमत के 3 नग मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त किया।

## आज तक शेड में नहीं लगी सब्जी की दुकानें

# पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए शेड बने शो पीस



सड़क किनारे लगाए गए सब्जी दुकान।



मठपारा का वीरान शेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- चौक चौराहों सहित सड़क किनारे ग्रामीण लगाते है सब्जी दुकान
- दुर्घटना की संभावना बढ़ी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शहर के चौक चौराहों में लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत पांच स्थानों में सब्जी बिक्री करने के लिए लाखों की लागत से शेड निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि योजना के तहत नगर निगम द्वारा बाजार के लिए शेड निर्माण करा दिया गया परंतु गांधीनगर थाना व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड़ का उपयोग सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है परंतु बाकी तीन स्थानों पर लगाए गए शेड मात्र शो पीस बनकर रह गई है। इन क्षेत्रों में शेड के नीचे सब्जी बाजार लगाने के बजाय चौक चौराहे व सड़क किनारे ही सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगाते है। ऐसे में न सिर्फ हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**मवेशी व गरीबों का आशियाना**

नगर नगर द्वारा शहर के पांच स्थानों पर पौनी पसारी योजना के तहत शेड व चबूतरा का निर्माण कराया गया है। गांधीनगर व आकाशवाणी चौक के समीप निर्माण कराए गए शेड व चबूतरा का उपयोग बाजार के लिए किया जाता है। परंतु नवागढ़, मठपारा व प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बनाए एक शेड़ के नीचे सब्जी व्यवसायियों द्वारा दुकान नहीं लगाने से शेड व चबूतरा अनुपयोगी हो गया है। ऐसे में शहर में भिक्षाटन करने वाले गरीब लोगों व मवेशियों का आशियाना बन गया है। शेड निर्माण कराए दो साल से अधिक हो गए परंतु आज तक शेड़ के नीचे बाजार नहीं लग सकी।

**ग्राहक नहीं आने की समस्या**

नगर निगम द्वारा बनाए गए शेड में कुछ दिन सब्जी विक्रेताओं ने दुकान लगाई परंतु ग्राहक नहीं होने से सब्जी व्यवसायी पुनः चौक चौराहों के समीप दुकान लगाना शुरू कर दिया। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बनाए गए सेड में सड़क से काफी अंदर होने के कारण ग्राहक नहीं पहुंचते है। शेड के नीचे केवल एक दो लोगों द्वारा दुकान लगाने से ग्राहकों के नहीं आने की समस्या होती है। अधिकांश ग्राहक सड़क किनारे लगाए गए सब्जी दुकान से लेना पसंद करते है। व्यवसायियों का कहना है कि सब्जी बिक्री नहीं होने तथा खराब होने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होता है जिससे वे चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी बिक्री करने को मजबूर है।

शहर के आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी बिक्री करने शहर आते हैं। शहर में कंपनी बाजार व गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की अधिक भीड़ होने पर ग्रामीण शहर के चौक चौराहों के समीप सड़क किनारे सब्जी बिक्री करते है। शहर के कोई ऐसा चौक चौराहा नहीं है जहां सब्जी विक्रेताओं द्वारा दुकान नहीं लगाई जाती है। चौक चौराहों व सड़क किनारे लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख जगह बिलासपुर चौक के समीप मठपारा, प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप, महामाया मंदिर के नवागढ़ व गांधी नगर थाना के समीप के अलावा आकाशवाणी चौक के समीप जगह का चिन्हांकन कर लाखो की लागत से नगर निगम द्वारा चबूतरा व शेड का निर्माण कराया गया। शेड व चबूतरा का निर्माण के बाद गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड को छोड़ बाकी जगह की शेड के नीचे बाजार नहीं लगने से मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में जिस उद्देश्य से नगर निगम द्वारा पौनी पसारी योजना के तहत बाजार के लिए लाखों रुपए खर्च कर निर्माण कराया है वह सार्थक साबित नहीं हो सका।

हैरानी की बात यह है बाजार के लिए चिन्हांकित जगहों पर शेड व चबूतरा बनकर तैयार है बावजूद इसके आज तक ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई और न ही सड़क किनारे व चौक चौराहे पर बाजार लगाने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई की जिससे व्यवसायी निडर हो कर चौक चौराहों पर बाजार सजा रहे है। ऐसे में न सिर्फ जाम की समस्या होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**बनाई जाएगी व्यवस्था**

चौक-चौराहों व सड़क किनारे कई जगह पर ग्रामीण सब्जी दुकान लगाते है। पूर्व में कई बार कार्रवाई कर उन्हें शेड़ में व्यवस्थित किया गया था। जल्द ही सड़क किनारे व चौक-चौराहों पर सब्जी लगाने वालों को अभियान चलाकर व्यवस्थित किया जाएगा।

-मंजूषा भगत, महापौर



## चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार की लोकप्रिय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत मिशन शक्ति हब महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बालिकाओं के प्रतिभा को सामने लाने एवं हर क्षेत्र में बालिकाओं के सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के द्वारा मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल एवं शासकीय मिडिल स्कूल चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तृतीय दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को आउटडोर गेम में खो खो, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, 100 मीटर दौड़, फ्लाइण्डनेस, चाफकलेट दौड़, रस्सी दौड़, फुगड़ी, बैडमिनटन, मेंढ़क दौड़, जैसे खेल एवं इनडोर में कैरम, लुडो, सांप सीढ़ी, जैसे खेलों का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रकार के खेलों में बालिकाओं ने पूर्ण आनंद प्राप्त किया।

बालिकाएं प्रत्येक खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इस खेल सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना एवं बालिकाओं के छिपे हुए प्रतिभा को दुनिया के सामने उजागर करना है। इसके लिए बालिकाओं को खेल के माध्यम से अधिक से अधिक सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि बालिकाएं भी हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सकें और समाज तथा देश में अपना अलग पहचान बना सके। खेल और अधिक रोचक बनाने एवं बालिकाओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी बालिकाओं को लिए पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग से रणधीर ठाकुर खेल ,युवा कल्याण विभाग से विनोद जायसवाल, स्कूल के प्राचार्य एल. टोप्पो, प्रधान पाठक, श्रीमती अपर्णा चक्रवती एवं समस्त शिक्षकगण ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति (हब) से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया साथ ही अनीता कुमारी साह वित्तीय साक्षरता समन्वय मिशन शक्ति हब कलावती सुपरवाइजर एवं देवंती बाई चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विधायक व भाजपा पदाधिकारी

**सोनगरा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत तिरंगा यात्रा जरही दुर्गा पंडाल से जरही नगर पंचायत तक निकाला गया। तिरंगा यात्रा में विधायक शकुंतला पोर्ते सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी व पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के नेतृत्व में रैली निकाला गया। यात्रा के माध्यम से आपातकाल के दौरान हुए लोकतांत्रिक मूल्य की स्मृति ताजा की गई और लोकतंत्र की रक्षा और अपने अधिकारों के संकल्प को दोहराया गया। 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थी व शिक्षकों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. जिसमें जरही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों सहित विद्यालय स्टाफ, नगर पंचायत जरही के स्टाफ व भाजपा के नेता शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि हमें आजादी ऐसे ही नहीं मिली इसके लिए हमारे देश के जवानो ने हंसते-हंसते देश व लोगों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण गंवाए है. इसके लिए हम सभी देशवासी शहीदों को नमन करते है। वीर शहीद जवानों की बदौलत आज हम सभी आजाद है। आज हम उसी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और एक आजाद देश का नागरिक होने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा एक अभियान है।आप सभी लोग अपने-अपने घर में झंडा अवश्य लगे जो आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा है। निवृत्तिमान जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहां कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों, नागरिकों के मन में देशभक्ति की भावना को जगाना है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री लालसाय पावले व आभार प्रदर्शन पूरन राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा, जिला मंत्री शशिकांत गर्ग, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, मुकेश सिंह, शरद चन्द्र द्विवेदी, अशोक गुप्ता, समय लाल मिश्रा, दीपक मिश्रा, देवपाल सिंह पैकरा, प्रवीण सिंह, हिमांशु सिंह, उदित नारायण ठाकुर, अनुराग द्विवेदी, अभय तिवारी, विकेश जायसवाल, गोपाल शरण सिंह, सूरज सिंह, शशि रंजन सिंह, ओपी सिंह, बसंत यादव, अजय साहू, नागेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, सीएमओ मोहरलाल गहरवरिया सहित भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें स्कूली बच्चें, जनप्रतिनिधि सहित आमजन बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में नगर में लरंगसाय चौक से टाऊन हाल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सभी ने तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति के नारों के साथ सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है जो हमे याद दिलाता है कि आजादी हमें यूं ही नहीं मिली, इसके लिए हमारे अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में शहीदों के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावना जागृत करना है। हर घर तिरंगा अभियान इसी गौरवशाली इतिहास को हर नागरिक तक पहुंचाने का माध्यम है। इस दौरान श्री अग्रवाल ने नगर वासियों से 15 अगस्त के दिन अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की बात कही। इस दौरान नगर का पूरा वातावरण तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर तिरंगा कॉन्सर्ट सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीतों पर उपस्थित लोगों ने उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति के गीतों की गूंज ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। तिंरगा यात्रा में जनपद अध्यक्ष मुद्रिका सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी आनंद राम नेताम, जनपद सीईओ रणवीर साय, तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

**बच्चों की रंगोली से खिला देशभक्ति का रंग**

हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले के विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। स्कूली बच्चों द्वारा रचनात्मक और देश प्रेम का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए रंगोली बनाकर देश भक्ति का संदेश दी। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तिरंगा, अशोक चक्र को रंगो के माध्यम से उकेरा गया। छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के महत्व को समझाने और राष्ट्रीय एकता को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया है।



### विधायक शकुंतला पोर्ते के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में राष्ट्रीय अभियान के तहत ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गई। यह यात्रा मां कमलेश्वरी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से भारत माता की जयकारों की गूंज के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थापित जय स्तंभ के पास संपन्न हुई। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की उपस्थिति में प्रतापपुर अनु विभाग के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी स्काउट गाइड एवं शासकीय कालिदास महाविद्यालय के एनसीसी के कैडेट दुर्गा वाहिनी की छात्राएं, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग की कार्यकर्ताओं, स्वयं समूह की बहने, नगर पंचायत के स्वच्छता दीदियों, ग्राम चौकीदार, भाजपा पदाधिकारी एवं नगरवासियों ने नगर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकला। तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण जय स्तंभ समीप संपन्न हुई। जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने राष्ट्र के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में उपस्थित बच्चों, छात्र-छात्राओं एवं सभी नागरिकों को बधाई दी गई और राष्ट्र के सम्मान में सदैव आगे रहने की बात कही। मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने अपने उद्बोधन की शुरुआत कविता से की। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को देश के वीर जवानों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों एवं देश की सेवा में तत्पर डटे हुए वीर सेनानियों सैनिकों के वीरगाथाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी के द्वारा अपने ओजस्वी उद्बोधन से संबोधित किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा झांसी की रानी एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आकर्षक झांकी निकाली। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार मुकेश दास, थाना प्रभारी अमित कौशिक, जपं सीईओ डॉ.नृपेंद्र सिंह, बीईओ मुन्नू लाल धुर्वे, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शिव शंकर यादव, खाद्य निरीक्षक शशि जायसवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी अजीत दीवान, राजेश वर्मा, संतोष सिंह, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, अंबिका जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुखमनिया आयाम, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, आनंद शुक्ला, गुलाब मोहन तिवारी, गिरीश पटेल, अवधेश पांडे, लक्ष्मी गुप्ता, धउलाराम, प्रफुल्ल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस व विभाजन-विभीषिका पर साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी


**अम्बिकापुर।** विभाजन-विभीषिका व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता गीता मर्मज्ञ पं. रामनारायण शर्मा, विशिष्ट शायर-ए-शहर यादव विकास, चंद्रभूषण मिश्र, देवेन्द्रनाथ दुबे, जय गुप्त और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।



गोष्ठी रामचरितमानस और एसपी जायसवाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से प्रारम्भ हुई। ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश अंग्रेजी दासता से मुक्त हुआ। इसके पूर्व 14 अगस्त को बंटवारे की विभीषिका भी लोगों ने झेली। कतिपय राजनीतिक भूले न हुई होती तो सिंध प्रांत का अधिकांश हिस्सा आज भारत के पास होता। सिंध नाम केवल राष्ट्रगान में बचा रह गया है। अनगिनत बलिदानों के बाद स्वतंत्रता के सूर्य का उदय हुआ किंतु खेद का विषय है कि आजादी के इतने सालों बाद भी बुंदेलखण्ड, विदर्भ, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के कुछ भू-भाग विकास की रौशनी से वंचित है। देश में अमीरों और गरीबो के बीच फासले भी बढ़े है। यह खाई दिनोंदिन गहरी होती जा रही है। इसे हमें पाटना होगा। आजाद देश में सबको प्रगति के समान अवसर उपलब्ध हों। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरणें पहुंचे। इस दिशा में सभी को ध्यान देना होगा। पं.रामनारायण शर्मा ने नैतिक मूल्यों के पतन का जिक्र किया तथा जीवन में अनुशासन और मर्यादा पालन को जरूरी बताया। उन्होंने हमारा गौरवशाली इतिहास और परंपरा रही है। हमारा नजरिया सकारात्मक और दृढ़ होना चाहिए। देश में सर्वत्र आज सामाजिक समरसता पर जो दिया जा रहा है। उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत बताई। सच्चिदानंद पाण्डेय ने चाल-चलन और चरित्र को बदलने की जरूरत बताई तथा कहा कि आम आदमी और सत्ता के बीच एजेंट को हटाना होगा। व्यापक सुधार के लिए सत्ता पर नैतिक दबाव बनाना होगा। युवाशक्ति को सही दिशा में लगाएं ताकि उनमें निहित प्रतिभा और शक्ति का राष्ट्र निर्माण में समुचित उपयोग हो सके। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने करें लगन-ईमान से, अपने सारे काम, होगा यही, राष्ट्रप्रेम अभिराम। राष्ट्रध्वज को दीजिए सदा मान-सम्मान, यही देश की आत्मा, आन-बान है शान, मनव्वर अशरफी ने वतन पे इश्क का गुमान रखते है, श्याम बिहारी पाण्डेय ने फहरे मेरा तिरंगा हर गांव, हर गली में, मीना वर्मा ने जिनकी बदौलत नेमते – आजादी हमने पाई है, रामलाल विश्वकर्मा ने न हिन्दू को रखिए न मुसलमान को रखिए, जेहन में बस हिंदुस्तान को रखिए, जय गुप्त ने आजादी का पर्व है यह आओ खुशी मनाएं हम, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने कहूं किससे अपनी वेदना, राजेन्द्र राज ने कश्मीर देश ला हमन लुटाबो, चंद्रभूषण मिश्र ने समय की क्षुब्ध वेदना ही सही तुम एक बार आ जाओ रचना सुनाई। इस दौरान देवेन्द्रनाथ दुबे, विनोद तिवारी, प्रकाश कश्यप, जयंत खानवलकर और अजय सागर ने भी विभाजन की विभीषिका व स्वतंत्रता पर्व पर अपनी कविताओं का पाठ किया। शायर-ए-शहर यादव विकास की गजल स्वर्ग रहता है ये हिन्दुस्तान की धरती के पाठ से गोष्ठी का समापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन हरिशंकर सिंह ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, मनीलाल गुप्ता, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

## फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में कार्मेल स्कूल ने जीता मैच

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के एकता स्टेडियम में खेले जा रहे 13 वां विद्यालयीन स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को क्वार्टर फाइनल का दौर समाप्त हो गया जिसके बाद सेमीफाइनल की चारों टीम भी तय हो गई है।मंगलवार को खेले गए अंतिम क्वार्टर फ़ाइनल मैच में कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर की टीम ने रोमांचक व करीबी मुकाबले में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को 1-0 के अंतर से पराजित कर मैच जीत लिया है। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर, शा.उ. मा.विद्यालय लटोरी, शा.उ.मा.विद्यालय जयनगर व कार्मेल कान्वेंट स्कूल ने सेमीफाइनल मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। आज के मैन आफ़ द मैच कॉन्वेंट स्कूल के अंकुर राजवाड़े रहे।बुधवार 13 अगस्त को पहला सेमीफाइनल मैच शा.उ.मा. विद्यालय लटोरी और शा.उ. मा विद्यालय जयनगर के मध्य देखा जाएगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच 14 अगस्त दिन गुरूवार को कार्मल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर और डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के बीच खेला जाएगा,फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को सम्पन्न होगा। मंगलवार को खेले गए मैच के मुख्य निर्णायक रॉकी राजवाड़े, संजू कुमार और अभय कुमार रहे, फुटबॉल संघ के भुवन रजक और पीयूष सिंह ने टेबल स्कोरर की भूमिका निभाई, प्रकाश कुर्रे ने मैच कमेंटेटर की भूमिका निभाई, इस दौरान संघ के शशि नान्हू, सज्जी उमर, सुरेशन स्वाईं, रॉकी लामा, अनुपम फिलिप सहित अन्य सक्रिय रहे।



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।




हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग



**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।

# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।




# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*



***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**खबर संक्षेप**

## संदीप राजपूत होंगे पुसौर के तहसीलदार



**पुसौर।** 2016-17 के पीएससी पास आउट होकर तहसीलदार बने संदीप राजपुत प्रदेश मुख्यालय रायपुर सहित कई तहसीलों में अपनी सेवाओं के बीच निष्पक्षता एवं संतुलन बनाएं रखने में कामयाब रहे और अब प्रशासनिक कसावटवश पुसौर तहसील में अपनी सेवाए देंगे। ये बीते सोमवार को यहां के तहसीलदार का कार्यभार ले चुके हैं। नव पदस्थ पुसौर तहसीलदार संदीप राजपुत से सौजन्य मुलाकात करने सर्वप्रथम क्षेत्रीय वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम शंकर पाणिग्राही के अगुवाई में अन्य अधिवक्ता गण आए। इसी कड़ी में पुसौर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, पार्षद प्रतिनिधि अंशु साव ने मुलाकात किया वहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर कसेर एवं पार्षद लक्ष्मण साव ने भी मुलाकात कर बधाई व शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पुसौर में स्थापित जनपद कार्यालय एवं थाना कार्यालय, कृषि कार्यालय सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुखों का एक सूचि प्रत्येक कार्यालय में चस्पा है जो पुसौर तहसील में नहीं है इस तथ्य को प्रमुखता से लेने की जरूरत महसूस की जा रही है चूंकि तहसील के स्थापना को लगभग 3 दशक से अधिक हो जाने के बाद भी यहां पदस्थ तहसीलदारों की सूची नहीं है।

## पाटन में छात्रा प्रीति दिखाएगी खेल प्रतिभा



**पुसौर।** अभिनव स्कूल पुसौर के कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत छात्रा प्रीति साहू जिला स्तरीय वेट वेटलिफ्टिंग खेल में अपना नाम पहला दर्ज कराने के बाद अब संभाग स्तर में भी बाजी मार ली है, जो अब प्रदेश के पाटन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ये अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। जानकारी के मुताबिक राज्य शासन खेल मंत्रालय द्वारा जारी खेल कैलेण्डर के अनुसार बिलासपुर में संभाग स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें अभिनव विद्या मंदिर पुसौर की कक्षा 11वीं वाणिज्य की छात्रा प्रीति साहू ने सीनियर वर्ग बालिका में 30 किग्रा वेटलिफ्टिंग में सभी संभाग के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए राज्य स्तरीय खेल में अपना चयन करवा कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारने में कामयाब रही है।

### पेज 1 का शेष

**स्वतंत्रता दिवस ...**

वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए गरिमामय एवं सादगी पूर्ण ढंग से कार्यक्रम मनाने संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करनें के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, एसडीएम जशपुर ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डीआर राठिया एवं जयेश सौरभ टोपनो के द्वारा किया गया।

**अब अंतिम संस्कार ...**

में यह खबर प्रकाशन किया था कि यहाँ मरणोपरांत मृतक परिजनों के परिवार वालों को दाह संस्कार जैसे अतिआवश्यक कार्यों के लिये लोगों के घरों में जाकर लकड़ी इकट्ठा करना कर दाह संस्कार करना पड़ता था.इसका एक मात्र कारण वनविभाग के डीपो में लकड़ी नहीं होना होता था.आपको बता दें कि 50 सालों से अधिक समय से कोतबा स्थित कारगिल चौक में वनविभाग द्वारा वन डीपो संचालन किया जा रहा है.जो पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ा हैं.मामले को लेकर वनविभाग को आईना दिखाया गया तो विभाग ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि वह भूमि उनके अधीन नही हैं.ना ही उनके अधिपत्य में है.बिडंबना है कि वनविभाग ने अपना कर्तव्य निर्वहन में रुचि नही दिखाई जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था. उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सुनील शर्मा के इस सार्थक पहल के जानकारी के बाद लोग ने इस अनुकरणीय पहल की सराहना कर रहें है.लोगों का मानना है कि हिन्दू रीतिरिवाजों के अनुरूप उनका क्रियाकर्म किया जाएगा. अब उनके परिजनों को देहांत के बाद नही भटकना पड़ेगा!

### जन सुविधाओं का सतत विस्तार हमारी प्राथमिकता : साय

# मुख्यमंत्री ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को दी 186 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ को 186 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद पांडे महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 96 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 90 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांसद के रूप में सारंगढ़ के लिए लंबे समय तक कार्य किया। अब मुख्यमंत्री का दायित्व मिला है। पिछले डेढ़ सालों में इस जिम्मेदारी को पूरे लगन और समर्पण के साथ निभाने का का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को लगातार पूरा कर रहे हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रूपए की कीमत के साथ खरीद रहे हैं। दो साल का बकाया बोनस भी 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपए दिया गया। 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। अब तेजी से हितग्राहियों के मकानों का निर्माण हो रहा है। पीएम आवास निर्माण की गति ऐसी है कि गांवों में राजमिस्त्री और सेंटरिंग प्लेट की कमी हो गई है।

### जनसुविधाओं में होगी वृद्धि

राजस्व और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में प्रदेश में गांव शहर में हर जगह विकास कार्यों को गति देने का काम कर रहे हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में करोड़ों की विकास कार्यों की सौगात मिलने से यहां जनसुविधाओं में वृद्धि होगी। विकास कार्यों पर अमल का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में विकास कार्यों और अधोसंरचना विस्तार को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ पीएम आवास, हर घर जल जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।

### अधोसंरचना विकास को मिलेगी मजबूती

जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को जमीन पर उतारने के साथ प्रदेश में विकास कार्यों को नई ऊंचाई देने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में निरंतर जारी है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को 186 करोड़ की सौगात मिली है यह जिले में अधोसंरचना विकास को मजबूती प्रदान करेगी।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में आए नागरिकगण अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अनुराग सिंहदेव, मंच पर विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे उपाध्यक्ष अजय नायक, सदस्य अभिलाषा नायक, दिनेश जांगड़े, सहोदरा सिदार, पूर्व विधायक शमशेर सिंह, केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, गणमान्य नागरिक टीकाराम पटेल, ज्योति पटेल, सुभाष जालान, जगन्नाथ पाणिग्राही, अजेस अग्रवाल, अमित तिवारी, अजय गोपाल, दीनानाथ खूंटे, अरविंद हरिप्रिया, शिवकुमारी चौहान, मनोज जायसवाल, हरिनाथ खूंटे, सतीश शर्मा अविनाश पुरी, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 70 लाख महिलाओं को मिला आर्थिक संबल

महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है। हर माह मिलने वाली राशि से महिलाएं अपना खुद का व्यवसाय भी प्रारंभ कर रही हैं। सारंगढ़ जिले के दानसरा की माताओं ने महतारी वंदन की राशि से अपने गांव में राम मंदिर निर्माण की पहल की है। जिसे आज पूरा प्रदेश जानता है।

### 22 हजार श्रद्धालु कर चुके हैं रामलला के दर्शन

तेंदूपत्ता खरीदी के दाम बढ़ाए गए हैं। 5.62 लाख कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10-10 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। राम लला दर्शन योजना से अब तक 22 हजार श्रद्धालु अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से शुरू की गई है इसके लिए देश में 19 स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां 60 वर्ष से अधिक उम्र के बड़े बुजुर्ग के साथ परित्यक्ता और विधवा महिलाएं भी योजना का लाभ लेकर तीर्थयात्रा कर सकते हैं।

### 10 हजार पदों पर की जा चुकी है भर्ती

प्रदेश में विकास को रफ्तार देने नई उद्योग नीति लेकर आए हैं। पिछले 6 माह में छत्तीसगढ़ को 6.50 लाख करोड़ रूपए के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। जिसमें रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। पिछले डेढ़ वर्षों में शासन के विभिन्न विभागों के करीब 10 हजार पदों पर भर्ती की जा चुकी है। 5 हजार शिक्षकों की भर्ती पुनः निकलने वाली है। उद्योगों को भी 1 हजार से अधिक पदों के रोजगार सृजन में कई तरह के प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।



## कोतमरा में नहीं बना मुक्तिधाम बरसात में होती है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ से महज सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कटेली के आश्रित ग्राम रहे 5 साल पहले नवीन ग्राम पंचायत कोतमरा गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। लगभग 900 से 1000 की जनसंख्या वाले इस गांव में बीते 200 वर्षों से आज तक एक भी मुक्तिधाम नहीं बन पाया है। इससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय खासकर बरसात के दिनों में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में शवों को जलाने के लिए उपयुक्त स्थल नहीं होने से खेत के पार यह नाला किनारे टिकरा जमीन खुले में अंतिम संस्कार करना पड़ता है। न तो वहां तक जाने के लिए समूचित रास्ता है और न ही शवदाह के लिए पक्की या सुरक्षित जगह। यह स्थिति न केवल भावनात्मक रूप से पीड़ादायक है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिहाज से भी गंभीर चिंता का विषय है।

### कोतमरा गांव को उपेक्षा ही मिली

गांव के इतिहास की बात करें तो कोतमरा से जिला पंचायत सदस्य और लगातार दो बार जनपद सदस्य इस गांव से निर्वाचित हुए हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस गांव को विकास से कोसों दूर रखा गया। दुर्भाग्य की बात यह है कि राजा के जमाने से लेकर आज तक कई जिला सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच बदले, पंचायतें आई गई, यहां तक कि गांव शहरी क्षेत्र से कुछ दूरी पर है। बावजूद मुक्तिधाम का निर्माण नही हुआ है।

### प्रशासन से शिकायत

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन को इसकी जानकारी दी। ज्ञापन सौंपा और व्यक्तिगत रूप से भी समस्या से अवगत कराया, लेकिन किसी ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मजबूरी में हर अंतिम यात्रा के लिए गांववाले कंधों पर शव उठाकर नाला के पार या खेत मे जाते हैं और खुले में ही दाह संस्कार करते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर ध्यान देंगे या फिर कोतमरा के लोग यूं ही असुविधाओं के बीच अपनों का अंतिम संस्कार करना होगा।

हमने प्रशासन से मुक्तिधाम निर्माण की मांग की है। जैसे ही प्रशासन से कार्य आदेश जारी होगा, तत्काल मुक्तिधाम निर्माण किया जाएगा।

**शीतल वारे**
सरपंच ग्राम पंचायत कोतमरा

हमारे गांव से जिला पंचायत सदस्य और दो बार जनपद सदस्य बने हैं, लेकिन आज तक मुक्तिधाम नहीं बना। मैनें मुक्तिधाम निर्माण के संबंध में जिला कलेक्टर से शिकायत व मांग की है।

**अलेख जायसवाल**
स्थानीय निवासी, कोतमरा

## देशमुख वशिष्ठ महाराज के श्रीमुख से बहेगी भागवत कथा की बयार



**खरसिया।** धार्मिक नगरी खरसिया की धन्य धरा पर पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन बिंदल परिवार द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमे कथा वाचक देशमुख वशिष्ठ महाराज के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा यह कथा कन्या भवन में होने जा रही है।

14 अगस्त गुरुवार को सुबह 10 बजे स्टेशन रोड पुरातन शिव मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, वही दोपहर 3 बजे से भागवत कथा प्रारंभ होगी जिसके प्रसंग इस प्रकार से है। देव प्रतिष्ठा, भागवत महात्म्य एवं सुखदेव आगमन होगा। 15 अगस्त शुक्रवार को विराट स्वरूप वर्णन एवं ध्रुव चरित्र। 16 अगस्त शनिवार को प्रहलाद चरित्र एवं गजेंद्र मोक्ष का वर्णन किया जाएगा। 17 अगस्त रविवार को वामन अवतार और श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नंदोत्सव के विषय मे बताया जाएगा, नंदोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी विशेष तैयारी की जा रही है। 18 अगस्त सोमवार को प्रभु कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी व छप्पन भोग लगेगा, माखन चोरी की अद्भुत लीला का आनंद महाराज जी के श्रीमुख से होगी। 19 अगस्त मंगलवार को रुक्मिणी विवाह महोत्सव का शानदार प्रसंग देखने और सुनने को मिलेगा वही सुदामा चरित्र भी होगा। 20 अगस्त बुधवार को नव योगेश्वर संवाद, अवधूतोपाख्यान द्वादस स्कंध एवं कथा को विराम दिया जाएगा। 21 अगस्त को हवनए पूर्णाहुति एवं गौ दान होगा। आयोजक हजारीलाल मंगलचंद ताराचंद एचएमटी बिंदल परिवार खरसिया, संबलपुर, कटक रायपुर, द्वारा कथा आयोजित करवाई जा रही है। बिंदल परिवार के सदस्यों द्वारा घर घर जाकर आमंत्रण पत्र बाटा गया है सभी श्रोताओं से निवेदन किया है कन्या विवाह भवन में 14 अगस्त से 20 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे चलने वाली भागवत कथा का श्रवण करने सपरिवार अवश्य पधारे।

## फसल बीमा कराने कार्यशाला का आयोजन

**पुसौर।** किसानों को फसल लगाने व लेने के बीच यदि नुकसान होता है तो उस नुकसानी को बीमा के जरिए संबंधित किसान को मुहैया कराने के मद्देनजर इन दिनों किसानों के फसलों का बीमा कराया जा रहा है। जिसके लिए प्रत्येक सोसायटी में आए दिन एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार काफी संवेदनशील है, जिसका प्रत्येक जिला मुख्यालय के कृषि अधिकारी लक्ष्य तक पहुंचने अपने तहसील स्तर के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीयों को भार दिया है। इसी कड़ी में पुसौर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके पटेल ने बीते दिनांक को पुसौर सेवा सहकारी कार्यालय में किसानों के बीच एक कार्यशाला आयोजित किया गया।

## जिले में 807.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 अगस्त तक 807.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 0.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। जिले के रायगढ़ तहसील में 878.1 मिली मीटर पुसौर में 798.3 खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 836.6, तमनार में 567.2, लैलूंगा में 744.3, मुकडेगा में 1018.5, धरमजयगढ़ में 748.6, छाल में 734.2 एवं कापू में 1041.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**ध्वजारोहण, पौधरोपण स्वच्छता अभियान तिरंगा यात्रा और जलवायु साक्षरता जैसे कार्यक्रम होंगे आयोजित**

## स्वतंत्रता दिवस पर जिले के 101 अमृत सरोवरों पर होंगे विशेष कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत की स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगांठ का उत्सव रायगढ़ जिले में एक अनूठे और प्रेरणादायक रूप में मनाया जा रहा है। इस बार स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति का प्रतीक नहीं होगा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने का एक सशक्त मंच भी बनेगा।

राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार जिले के 101 अमृत सरोवरों पर 15 अगस्त 2025 को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, तिरंगा यात्रा और जलवायु साक्षरता जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे जो न केवल स्वतंत्रता की भावना को जीवंत करेंगेए बल्कि एक हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत के संकल्प को भी बल देंगे।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा

रायगढ़ जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के लिए एक व्यापक और प्रेरणादायक योजना तैयार की है। स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर प्रभात की प्रथम किरण के साथ तिरंगे के ध्वजारोहण से होगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम की दीदियाँ और स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान और देशभक्ति भजनों की स्वरलहरियाँ वातावरण को देशप्रेम की भावना से सराबोर करेंगी। यह क्षण प्रत्येक व्यक्ति के मन में स्वतंत्रता के मूल्यों और देश के प्रति समर्पण को और गहरा करेगा।

### अमृत सरोवरः जल संरक्षण और देशभक्ति का प्रतिक

अमृत सरोवर जो भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निर्मित जल संरक्षण के प्रतीक हैं, इस स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों के केंद्र में होंगे। ये सरोवर न केवल जल संरक्षण और ग्रामीण समुदायों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकजुटता का भी प्रतीक हैं।

### सामूहिक पौधरोपण का किया जाएगा आयोजन

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सामूहिक पौधरोपण का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में स्कूली बच्चे, कॉलेज के युवा, ग्राम पंचायत के सदस्य और स्थानीय समुदाय के लोग स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपेंगे। नीम, पीपल, बरगद, और आम जैसे पेड़ों का रोपण न केवल पर्यावरण को हरा भरा बनाएगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एकजुटता का संदेश भी देगा। यह कदम रायगढ़ जिले को हरियाली की ओर ले जाएगा और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण करेगा।

### छात्र-छात्राएं विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

इन आयोजनों की सफलता का आधार स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी है। ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, एनआरएलएम की दीदियाँ और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस उत्सव को भव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्कूलों और कॉलेजों के छात्र छात्राएँ भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे। विशेष रूप से एनआरएलएम की दीदियाँ इन आयोजनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएंगी।

### ग्राम पंचायतों में होगी तिरंगा यात्रा

प्रत्येक ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा, जिसमें बच्चे, युवा और ग्रामीण तिरंगे के साए में सड़कों पर उतरेंगे। यह यात्रा देशभक्ति के नारे और गीतों से गूंजेगी, जो राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता के प्रति गहरे लगाव का प्रतीक बनेगी। तिरंगा यात्रा ग्रामीण समुदायों में एकता और उत्साह का संचार करेगी और स्वतंत्रता के मूल्यों को जीवंत करेगी। अमृत सरोवरों के महत्व को रेखांकित करने के लिए जलवायु और जल संरक्षण पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को जल संरक्षण का महत्व समझाया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी।

## सुनसान रास्ते पर लूटपाट, चार बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस ने सुनसान मार्ग पर राहगीरों से लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया है। घटना सोमवार की रात की है, जब ग्राम नावापारा निवासी सुंदर दास महंत (50) अपने साथी स्वलाल महंत के साथ ग्राम सपोस दशकर्म में शामिल होकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। रात करीब 10 से 11 बजे के बीच ग्राम लिटाईपाली नाला पुल के पास अंधेरे में छिपे कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज, हाथ-मुक्कों व डंडों से हमला कर लूटपाट की। बदमाशों ने सुंदर दास का मोबाइल लूट लिया और मौके से भाग निकले। सुबह पीड़ित ने थाना कोतरारोड़ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। पूछताछ में पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान कृष्णा भारद्वाज लिटाईपाली के रूप में की। पुलिस ने उसे घर से पकड़ लिया, जहां उसने अपने साथियों विजय भारद्वाज लिटाईपाली, प्रदीप टंडन भजनडीपा और विरू सिदार लिटाईपाली के साथ वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि वे ग्राम लिटाईपाली के नाला पुल को अपना अड्डा बनाकर रात के समय राहगीरों को रोकते, पैसे की मांग करते और विरोध करने पर डराते-धमकाते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

